Ex.P.-408

D-250.

# छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड

दि हितवाद परिसर, अवंति विहार, मुख्यालय – रायपुर

क्रमांक/स्थापना/2015/312

रायपुर, दिनांक 25/04/15

प्रति,

उप पुलिस अधीक्षक,
राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो
रायपुर (छ.ग.)

विषय : **डॉ. आलोक शुक्ला तत्कालीन अध्यक्ष एवं श्री अनिल टुटेजा तत्कालीन एमडी के पदस्थापना की आदेश की प्रति प्रदान करने के संबंध में।**

संदर्भ : आपका पत्र क्र./अपराध/अप. 17 (15)/1336/2015 रायपुर, दिनांक 25 अप्रैल 2015

महोदय,

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र से डॉ. आलोक शुक्ला तत्कालीन चेयरमैन एवं श्री अनिल टुटेजा तत्कालीन प्रबंध संचालक नागरिक आपूर्ति निगम के पदस्थापना से संबंधित आदेश की प्रति चाहा गया है।

तदानुसार डॉ. शुक्ला से संबंधी छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय रायपुर का परिपत्र क्र. 2909/2013/1/एक दि. 17.12.13 एवं आदेश दि. 26.06.2014 तथा अध्यक्ष पद पर कार्यभार ग्रहण से संबंधी सूचना क्र. 33/ना.आ.नि./स्था./2014 दि. 11.07.14 की मूलप्रति व श्री टुटेजा से संबंधी छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग का आदेश क्र. ई–1–04/2014/एक/2 रायपुर दिनांक 28.05.14, इनकी उपस्थिति दि. 30.05.14 की प्रतिलिपि यहां संलग्न कर प्रेषित है।

**संलग्न : उपरोक्तानुसार** - 10 पृष्ठ

C.G. STATE CIVIL SUPPLIES CORPORATION H.O. RAIPUR

महाप्रबंधक

Admnistraion663

**छ0ग0 स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड,**
**मुख्यालय – द हितवाद प्रेस परिसर, अवंति विहार, तेलीबांधा, रायपुर**

क्रमांक/ 33 /नाआनि/स्थापना/2014 रायपुर, दिनांक 01/07/2014

**विषय –** **अध्यक्ष पद पर कार्यभार ग्रहण करने संबंधी सूचना ।**

—000—

छ0ग0 शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश दिनांक 26जून, 2014 के अनुक्रम में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्रमुख सचिव, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का पदभार दिनांक 01 जुलाई,2014 को ग्रहण किया गया है।

अतः छ0ग0 शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय रायपुर के पत्र क्रमांक/2909/2013/1/एक, नया रायपुर दिनांक 17/12/2013 के अनुक्रम में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा दिनांक 01/07/2014 को अपरान्ह में निगम के अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है।

एतदर्थ सूचनार्थ ।

(डा0 आलोक शुक्ला)
अध्यक्ष

पृ0क्र0/33 /नाआनि/स्थापना/2014 रायपुर, दिनांक 01/07/2014

<u>सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–</u>

01– महामहिम राज्यपाल महोदय के सचिव, राजभवन, रायपुर ।
02– माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन मंत्रालय, रायपुर ।
03– सचिव, छ0ग0 शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, रायपुर ।
04– मुख्य सचिव के स्टाफ आफीसर, छ.ग. शासन, मंत्रालय, रायपुर
05– विशेष सहायक, माननीय मंत्री जी, छ.ग. शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, मंत्रालय, रायपुर
05– निज सचिव, प्रमुख सचिव, छ0ग0 शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप0 संरक्षण विभाग, मंत्रालय, रायपुर।
06– संचालक, छ.ग. शासन,खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, संचालनालय,रायपुर
07– प्रबन्ध संचालक, छ0ग0 राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड, मुख्यालय रायपुर।
08– प्रबन्ध संचालक ——————(समस्त) निगम मंडल, रायपुर।
09– कमिश्नर, रायपुर, बस्तर, बिलासपुर ।
10– कलेक्टर ——————(समस्त जिला)
11– जिला प्रबंधक, छ0ग0 राज्य नागरिक आपूर्ति निगम———— समस्त।
12– व्यक्तिगत नस्ती ।

अध्यक्ष
छ0ग0 राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लि0

# छत्तीसगढ़ शासन
## सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय

महानदी भवन, नया रायपुर

क्रमांक / २९०९/2013/ 1 /एफ | नया रायपुर, दिनांक 17/12/201

प्रति,

समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन,
मंत्रालय, नया रायपुर

विषय :— निगम/मंडल/आयोग के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सदस्यों के कार्यकाल समाप्त करने बाबत्।

विषयान्तर्गत लेख है कि संलग्न सूची अनुसार आपके विभाग से संबंधित निगम/आयोग/मंडल के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सदस्य का कार्यकाल समाप्त किये जाने हेतु तत्काल संलग्न प्रारूप अनुसार आदेश जारी करने का कष्ट करें। रिक्त होने वाले पद का तात्कालिक प्रभार विभाग के वरिष्ठतम अधिकारी के पास रहेगा।

(मनोज कुमार पिंगुआ)
सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

पृ०क्रमांक / २९१०/2013/ 1 /एफ | नया रायपुर, दिनांक 17/12/201

प्रतिलिपि :—

1. प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, मंत्रालय, नया रायपुर।
2. मुख्य सचिव के अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, मंत्रालय नया रायपुर।

सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

C.G. STATE CIVIL SUPPLIES CORPORATION H.O. RAIPUR

# छत्तीसगढ़ राज्य के निगम/मंडल एवं आयोगों की विभागवार सूची

| क्रमांक | विभाग का नाम | बोर्ड/आयोग/निगम/मंडल |
| --- | --- | --- |
| 1. | ग्रामोद्योग विभाग | खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड/हस्तशिल्प बोर्ड/माटीकला बोर्ड |
| 2. | खेल एवं युवा कल्याण विभाग | छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग |
| 3. | संस्कृति एवं पर्यटन विभाग | पर्यटन बोर्ड/राजभाषा आयोग |
| 4. | खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग | नागरिक आपूर्ति निगम/राज्य भंडार गृह निगम |
| 5. | शिक्षा विभाग | शिक्षा आयोग/पाठ्यपुस्तक निगम |
| 6. | महिला एवं बाल विकास विभाग | छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग/छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग |
| 7. | समाज कल्याण विभाग | छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम |
| 8. | आवास एवं पर्यावरण विभाग | रायपुर विकास प्राधिकरण/छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल |
| 9. | वित्त योजना एवं सांख्यिकी विभाग | 20 सूत्रीय कार्यक्रम 2006 के क्रियान्वयन हेतु गठित राज्य स्तरीय समीक्षा समिति |
| 10. | आदिम जाति कल्याण विभाग | अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम |

C.G. STATE CIVIL SUPPLIES CORPORATION H.O. RAIPUR

छत्तीसगढ़ शासन

———————— विभाग

मंत्रालय

महानदी भवन, नया रायपुर

//आदेश//

रायपुर,दिनांक /12/2013

क्रमांकः———————— छ0ग0 शासन, ———————— विभाग के आदेश क्रमांक ———————— दिनांक ———————— द्वारा श्री ———————— को ———————— निगम/मण्डल/आयोग रायपुर के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सदस्य पद पर आगामी आदेश पर्यन्त नियुक्त किया गया था।

शासन द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार उक्त पद पर श्री ———————— की गयी नियुक्ति एतद्द्वारा तत्काल प्रभाव से निरस्त की जाकर उक्त पद को रिक्त घोषित किया जाता है। तात्कालिक रूप से प्रभार विभाग के वरिष्ठ अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/ सचिव को सौंपा जाता है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(————————)

सचिव

छत्तीसगढ़ शासन

————————

पृ0क्रमांक/————————

रायपुर,दिनांक /12/2013

प्रतिलिपिः—

1— ————————

2— ————————

3— संबंधित पदाधिकारी ———————— निगम/मण्डल/आयोग की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित

सचिव

छत्तीसगढ़ शासन

————————

C.G. STATE CIVIL SUPPLIES CORPO... H.O. RAIPUR

रायपुर, 25 जून 2014

राज्य शासन ने आज भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की नवीन पदस्थापनाओं का आदेश जारी किया। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा यहां मंत्रालय (महानदी भवन) से जारी आदेश इस प्रकार है-

छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय
महानदी भवन, नया रायपुर

आदेश

नया रायपुर, दिनांक 25 जून, 2014

क्रमांक ई-1-05-2014/1/2 डॉ. आलोक शुक्ला, भा.प्र.से. (1986) की सेवाएं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वापस किये जाने के फलस्वरूप उनके द्वारा उपस्थिति देने पर उन्हें अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के पद पर पदस्थ किया जाता है तथा इसके साथ-साथ उन्हें प्रमुख सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा जाता है।

डॉ. आलोक शुक्ला द्वारा प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग का पदभार ग्रहण करने पर श्री अजय सिंह, भा.प्र.से. (1983), कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव, कृषि एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग केवल लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के पदभार से मुक्त होंगे।

डॉ. आलोक शुक्ला द्वारा प्रमुख सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का पदभार ग्रहण करने पर श्री विकास शील, भा.प्र.से. (1994) सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा सामान्य प्रशासन विभाग केवल सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के पदभार से मुक्त होंगे।

2. श्री सुब्रत साहू, भा.प्र.से. (1992), सचिव, महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग के पद पर पदस्थ किया जाता है।

3. श्री डी.के.श्रीवास्तव, भा.प्र.से. (1992), सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सचिव, महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के पद पर पदस्थ किया जाता है।

4. डॉ. [illegible] प्रीति, भा.प्र.से. [illegible] द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में कार्यभार ग्रहण करने के फलस्वरूप उन्हें महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक के पद पर पदस्थ किया जाता है।

[illegible] एन. प्रीति द्वारा महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक का पदभार ग्रहण करने पर श्री अविनाश चम्पावत, भा.प्र.से. (2003), पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक तथा संयुक्त सचिव, वाणिज्यिक कर विभाग को केवल महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक के पदभार से मुक्त होंगे।

SUPPLIES CORPORATION H.O. RAIPUR *

6

**Search**

Search...

[illegible]

Date: 26 Jun 2014

क्रमांक-733/स्वराज्य

C.G. STATE CIVIL SUPPLIES CORPORATION
H.O.
RAIPUR

7

छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

आदेश

नया रायपुर, दिनांक 28-05-2014

क्रमांक ई1-04/2014/एक/2: राज्य शासन एतद् द्वारा श्री बृजेश चन्द्र मिश्रा (भा.प्र.से.-2002), कलेक्टर दुर्ग को अस्थायी रुप से आगामी आदेश तक संचालक, पंचायत के पद पर पदस्थ करता है।

2. श्री आर. प्रसन्ना (भा.प्र.से.-2004), संयुक्त सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्य के साथ-साथ अस्थायी रुप से आगामी आदेश तक संचालक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता है।

3. श्री अनिल टुटेजा (भा.प्र.से.-2004) आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई की सेवाएं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को अस्थायी रुप से आगामी आदेश तक प्रबंध संचालक, नागरिक आपूर्ति निगम के पद पर पदस्थापना हेतु सौंपी जाती है। साथ ही श्री टुटेजा को प्रबंध संचालक, राज्य भण्डार गृह निगम का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा जाता है।

1428
03-06-14

4. श्री निरंजन दास (भा.प्र.से.-2004), संयुक्त सचिव, राजभवन सचिवालय को अस्थायी रुप से आगामी आदेश तक कलेक्टर गरियाबंद के पद पर पदस्थ किया जाता है।

5. श्री अमित कटारिया (भा.प्र.से.-2004), कलेक्टर गरियाबंद की सेवाएं आवास एवं पर्यावरण विभाग को अस्थायी रुप से आगामी आदेश तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नया रायपुर विकास प्राधिकरण के पद पर पदस्थापना हेतु सौंपी जाती है। साथ ही श्री कटारिया को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, रायपुर विकास प्राधिकरण का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा जाता है।

M(A)
to
MD
03-06-2014

6. श्री उमेश अग्रवाल (भा.प्र.से.-2005), संयुक्त सचिव, ऊर्जा, सूचना एवं जैव प्रौद्योगिकी, संचालक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता सरंक्षण विभाग को अस्थायी रुप से आगामी आदेश तक कलेक्टर महासमुन्द के पद पर पदस्थ किया जाता है।

C.G. STATE CIVIL SUPPLIES CORPORATION
H.O. RAIPUR

7. श्रीमती आर. शंगीता (भा.प्र.से.—2005), कलेक्टर महासमुन्द को अस्थायी रुप से आगामी आदेश तक कलेक्टर दुर्ग के पद पर पदस्थ किया जाता है।

8. श्री नरेन्द्र दुग्गे (रा.प्र.से.—1994), उपायुक्त (राजस्व) दुर्ग की सेवाएं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को अस्थायी रुप से आगामी आदेश तक आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई के पद पर पदस्थापना हेतु सौंपी जाती है।

9. श्री जन्मेजय मोहबे (रा.प्र.से.—1998), प्रबंध संचालक, राज्य भण्डार गृह निगम की सेवाएं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से वापस लेते हुए, उन्हें अस्थायी रुप से आगामी आदेश तक उप सचिव, राजभवन सचिवालय के पद पर पदस्थ किया जाता है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार
विवेक ढाँड
मुख्य सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन

पृ.क. ई—1—04 / 2014 / एक / 2, नया रायपुर, दिनांक 28-05-2014

**प्रतिलिपिः—**

1. संस्थापन अधिकारी, भारत सरकार, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (कैरियर मैनेजमेंट डिवीजन), नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली.
2. अनुसंधान अधिकारी (कैरियर मैनेजमेंट), कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, कमरा नं. 215, नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली.
3. प्रमुख सचिव, मान. मुख्यमंत्री, मंत्रालय, नया रायपुर.
4. प्रमुख सचिव, छ.ग.शासन, ऊर्जा / नगरीय प्रशासन एवं विकास / पंचायत एवं ग्रामीण विकास / आवास एवं पर्यावरण / सूचना एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग, मंत्रालय, नया रायपुर.
5. प्रमुख सचिव, मान. राज्यपाल, राजभवन, रायपुर.
6. सचिव, छ.ग.शासन, सामान्य प्रशासन / खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण / खनिज साधन विभाग, मंत्रालय, नया रायपुर.
7. संभागायुक्त, रायपुर / दुर्ग / बिलासपुर / बस्तर / सरगुजा (छ.ग.)

C.G. STATE CIVIL SUPPLIES CORPORATION H.O. RAIPUR

8. महालेखाकार, छत्तीसगढ़, रायपुर.
9. संचालक, जनसंपर्क,/पंचायत/खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, रायपुर.
10. कलेक्टर, दुर्ग/महासमुन्द/गरियाबंद.
11. प्रबंध संचालक, छ.ग.राज्य नागरिक आपूर्ति निगम/छ.ग.राज्य भण्डार गृह निगम, रायपुर.
12. आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई.
13. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नया रायपुर विकास प्राधिकरण/रायपुर विकास प्राधिकरण, रायपुर.
14. अवर सचिव, महाधिवक्ता कार्यालय, उच्च न्यायालय परिसर, बिलासपुर (छ.ग.)
15. मुख्य सचिव के अवर सचिव, मंत्रालय, नया रायपुर.
16. संबंधित अधिकारीगण/व्यक्तिगत नस्ती.
17. कोषालय अधिकारी, रायपुर/महासमुन्द/दुर्ग/गरियाबंद
18. संचालक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, रायपुर की ओर अगले राजपत्र में प्रकाशनार्थ

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रेषित।

( मुकुन्द गजभिये )
अवर सचिव,
छ.ग.शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग

C.G. STATE CIVIL SUPPLIES CORPORATION
H.O. RAIPUR